Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12

NcertHelp
© www.ncerthelp.com

ECONOMICS SET-I

समय : 3 घण्टे **अधिकतम अंक : 95**

सामान्य निर्देश :

1. दोनों खंडों के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं

2. प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं।

3. प्रश्न संख्या 1 से 5 और 16-20 अति लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक प्रश्न एक-एक अंक का है। इनका उत्तर केवल एक वाक्य में ही अपेक्षित है।

4. प्रश्न संख्या 6 से 9 और 21-25 लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के लिए तीन-तीन अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक का उत्तर सामान्यत' 60 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

5. प्रश्न संख्या 10 से 13 और 26 से 28 भी लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं, प्रत्येक का उत्तर सामान्यत: 70 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

6. प्रश्न संख्या 14 से 15 और 29 से 31 व्याख्यात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के लिए 6-6 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक का उत्तर सामान्यत: 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

7. उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए और ऊपर दी गई सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए।

खण्ड 'अ'

1. ओजाइव (तोरण) वक्र को परिभाषित कीजिए।

2. उस संख्यिकीय विधि का नाम लिखो जो कम खर्चीली हो तथा जिसमें समय की भी बचत हो।

3. किसी श्रेणी में माध्य से विचलनों का योग क्या होता है?

4. समान वितरण की रेखा से आप क्या समझते है?

5. कोटि सहसंबंध गुणांक विधि का प्रयोग कब किया जाता है?

6. अर्थशास्त्र में सांख्यिकी के तीन महत्व बताइये?

7. निम्न आकड़ों की सहायता से मध्यका से माध्य विचलन व गुणांक ज्ञात कीजिये।

   100, 150, 80, 90, 160, 200, 140

8. द्वितीयक आकड़ों के प्रयोग में बरती जाने वाली तीन सावधानियों की व्याख्या कीजिए?

9. सारणीयन के कोई तीन लाभ बताइये

   अथवा

   माध्य, मध्यका व बहुलक को परिभाषित कीजिए :-

10. निम्न आकड़ों की सहायता से मध्यका व तृतीय चतुर्थक ज्ञात कीजिए :-

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12
© www.ncerthelp.com

वर्ग :-	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50
आवृत्ति :-	5	12	8	10	5

11. प्रमाप विचलन किसे कहते है? यह माध्य विचलन से किस प्रकार भिन्न है?

12. निम्न आकडों की सहायता से मध्यका व बहुलक ज्ञात कीजिए।

आय :	0-10	10-20	20-30	30-40	40-50	50-60	60-70
कर्मचारियों की संख्या :	5	7	15	25	20	15	8

13. सूचकाकों के निर्माण में आने वाली कठिनाइयों का वर्णन कीजिए?

अथवा

प्रकीर्ण आरेख क्या है? इसके प्रमुख दोष क्या है?

14. निम्नलिखित आकड़ों से कार्ल पियरसन के सहसम्बन्ध गुणांक की गणना कीजिए?

पति की आयु :	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27
पत्नी की आयु :	17	17	18	18	18	19	19	20	21	21

15. निम्नलिखित श्रेणी में चतुर्थक विचलन, अन्तर चतुर्थक विस्तार व चतुर्थक विचलन गुणांक ज्ञात कीजिए।

लम्बाई (इंच) में :	58	59	60	61	62	63	64	65	66
छात्रों की संख्या :	2	3	6	15	10	5	4	3	1

अथवा

अपकिरण से आप क्या समझते हैं? अपकिरण को मापने की विभिन्न विधियों का उल्लेख कीजिए :-

खण्ड 'ख'

16. देश के विभाजन के कारण किन उद्योगों पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ा।
17. राजकोषीय सुधार किसे कहते है?
18. गरीबी की रेखा को परिभाषित कीजिए?
19. कृषि विपणन से क्या समझते है?
20. चीन में कौन सी आर्थिक प्रणाली को अपनाया गया है?
21. भारत में भूमि अपक्षय के लिए जिम्मेदार छः कारकों का उल्लेख कीजिए?
22. ऊर्जा के प्राथमिक एवं द्वितीयक स्त्रोतों से आप क्या समझते है?
23. मांग प्रेरित स्फीति की व्याख्या कीजिए?

अथवा

मुद्रास्फीति के लिए जिम्मेदार पूर्ति प्रेरित कारण है क्या है?

24. निजीकरण को परिभाषित कीजिए? निजीकरण के लिए किए गए प्रयासों का उल्लेख कीजिए।
25. हरित क्रान्ति की सीमाओं का वर्णन कीजिए?
26. प्रवसन किस प्रकार मानव पूंजी निर्माण में वृद्धि करता है?

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12

Visit www.ncerthelp.com For All NCERT solutions,
CBSE sample papers, Question papers, Notes for Class 6 to 12

NcertHelp
© www.ncerthelp.com

27. श्रमबल व कार्यबल के मध्य क्या अंतर है
28. निर्धनता के निवारण के लिए भारत की सरकार द्वारा निर्धनता अपनाये गये तीन आयामी तरीकों की व्याख्या कीजिए।
29. भारत व पाकिस्तान के बीच आर्थिक विकास की प्रमुख समानताओं का उल्लेख करे।

अथवा

उन विभिन्न कारकों की व्याख्या कीजिए जिनके आधार पर चीन में तीव्र आर्थिक विकास हुआ।
30. भारत में मानव पूंजी निर्माण की प्रमुख समस्याएं क्या है?
31. नयी आर्थिक नीति क्या है? इसकी आवश्यकता क्यों महसूस की गई?

NcertHelp
© www.ncerthelp.com

Please Visit www.ncerthelp.com For Video lectures of all subjects Class 9 to 12